'संगीत' का विशेष प्रकाशन

बेला विज्ञान

★

लेखक—

प्रो० बेनीप्रसाद श्रीवास्तव 'भाई' (सङ्गीताचार्य)

★

प्रकाशक—

प्रभूलाल गर्ग

संगीत कार्यालय हाथरस—(उ० प्र०)

★

मूल्य

४) चार रुपया

समर्पण

श्रीमान् राय बहादुर डा. डी. आर. भट्टाचार्य पी. ऐच. डी. ऐस. सी.
वाइस चान्सलर 'प्रयाग विश्व-विद्यालय' प्रयाग।

मान्यवर !

आपने अन्य विद्याओं और कलाओं के साथ ही सङ्गीत जैसी कठिन कला को भी सभ्य समाज में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त कराने में सफल परिश्रम किया है। इसलिये अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करने के लिये यह तुच्छ भेंट आपकी सेवा में अर्पित करता हूँ।

—बेनीप्रसाद श्रीवास्तव 'भाई'

लेखक के दो शब्द

सर्व शक्तिमान सकल कला निधान परम पिता परमात्मा की असीम अनुकम्पा से आज मैं यह तुच्छ सेवा अपने सङ्गीत प्रेमियों के सन्मुख रखने में समर्थ हो सका हूँ। इस पुस्तक का अभिप्राय किसी कमी को पूरा करना नहीं है, वरन् अपने वर्षों के प्राप्त अनुभव की एक-एक पंक्ति आप तक आसानी से पहुँचाना ही इस प्रकाशन का एक मात्र मुख्य उद्देश्य है। आशा है प्रेमी जन इसमें मेरे सभी अवगुणों को छोड़ देंगे, और केवल गुण को ही सहर्ष अपनाकर मुझ नाचीज़ को कृतज्ञ करेंगे। पुस्तक में क्या है और क्या नहीं है ? यह बताना मेरे लिये मुश्किल है, वरन इसका निर्णय मैं अपने प्रिय पाठकों पर तथा यशस्वी पत्रकार श्री प्रभूलालजी गर्ग (जो इस ग्रन्थ के प्रकाशक भी हैं) पर ही छोड़ना ठीक और उचित समझता हूँ।

हमें यह बताना आवश्यक है कि संगीत जैसे कठिन विज्ञान को सभ्य समाज में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त कराने का सारा श्रेय हमारे पूज्यवर मित्र श्रीमान् रायबहादुर डाक्टर डी० आर० भट्टाचार्य, पी० एच० डी०, डी० एस० सी, वर्तमान वाइस चांसलर प्रयाग विश्वविद्यालय, प्रयाग को ही प्राप्त है, इसलिये यह पुस्तक मैं उनको ही कृतज्ञता स्वरूप समर्पित करता हूँ।

इस प्रकाशन द्वारा अपनी स्वर्गीय मातामह, प्रात: स्मरणीय स्व० श्री जालमाप्रसादजी वर्मा तथा स्वर्गीय श्री करामतउल्ला खां आदि ऐसी महान अनेक गुणी आत्माओं के प्रति तथा सुविख्यात संगीताचार्य अपने परम पूज्यवर गुरु पं० के० के० मुकर्जी (नीलू बाबू) के प्रति तथा स्नेहमय मित्रों में सर्व श्री बाबू महेश्वरी दयाल जी साहेब डिस्ट्रिक्ट जज गोरखपुर, श्री बाबू बी० पी० अग्रवाल वकील, सितारनवाज़ श्री हामिद हुसेन खां इटावा, प्रसिद्ध साहित्य और संगीत के विद्वान स्व० गणेशप्रसादजी द्विवेदी एम० ए० एल-एल० बी०, श्री० डी० टी० जोशी लखनऊ, पंडित केदारनाथजी दुबे शास्त्री, श्री० जी० पी० मुकर्जी (मोनी बाबू) पंडित पुरषोत्तमदास जी मिश्रा, संगीताचार्य, श्री० कनाईलाल दास (कलकत्ते वाले) श्री० भगवतीस्वरूपजी भटनागर (अयोध्या), पंडित बलभद्रप्रसाद जी, बाबू मोतीलालजी, पंडित सरजू महाराज, श्री० आई० डी० सेठ एम० ए०, श्री० ठा० महादेवसिंह, श्री० अजहरअली फारुक़ी एम० ए०, सम्पादक "साथी" आदि तथा अपने शिष्य वर्गों में पुत्र समान सर्व श्री० जितेन्द्र नारायण राय चौधरी बी० ए०, संगीत विशारद शिलाँग (आसाम), श्री० नरेन्द्र सहाय वर्मा एम० ए०, संगीत विशारद इटावा, श्री० सीतावर शरन श्रीवास्तव एम० ए०, एल० टी०, श्री माधोप्रशाद श्रीवास्तव संगीत विशारद (अपना भाई), श्री० टी० पी० बनर्जी (तारा बाबू) बी० ए०, संगीत विशारद, स्वर्गीय श्रीमती डी० ओझा, प्रसिद्ध नर्तकी कुमारी आशा ओझा (अब श्रीमती कृष्णकांत चतुर्वेदी बम्बई) श्री० ए० के० मुकर्जी (भूमिला बाबू) श्री कनाईलाल बक्शी सतना, श्री० आर० एन० अवस्थी, श्री शङ्करदयाल वर्मा, श्री० श्याम बहादुर

एम० ए०, एल-एल० बी० वकील, (स्व०) श्री० रामनाथ यादव, और श्री० मोहनलाल मालवी, श्री० राधा मोहन सक्सेना बी० ए०, श्री० इक़बाल बहादुर सक्सेना एम० ए०, "संगीत सुमन" के प्रसिद्ध ग्रन्थकर्ता श्री० गणेशप्रसाद श्रीवास्तव, (स्वर्ग) श्री० मुल्लन जी, श्री० ए० रहमान, श्री सिद्दीकी, पंडित बद्रीप्रसाद शुक्ल संगीत-विशारद, श्री० रामकृष्ण लिमये नागपुर, श्री० के० एन० मजूमदार ढाका, श्री० बैजनाथ प्रसाद जैसवाल, श्री० पैट्रिकपासकल मुजफ्फरपुर, श्री० ई० हेगिंस, श्री० बी० एन० योगेश्वर, श्री० दादू जी बी० ए० संपादक "तरुण", श्री० लालजी गोस्वामी, श्री० शम्भूनाथ श्रीवास्तव (भ) श्री० गंगाप्रसाद, श्री० प्रभूदयालजी मिश्रा संगीत विशारद जैपुर, श्री० रतीराम दुबे छत्तीसगढ़, (स्व०) श्रीमती पी० एल० सक्सेना, श्री० श्यामलाल, श्री० हवाई बाबू, श्री० राजभान, श्री० चन्द्रभान, श्री० श्यामा-चरनसिंह बी० ए०, श्री० प्यारेलाल चौधरी, एम० ए०, श्री० रामगुलाम शङ्करगढ़, श्री० बलकरनसिंह पबूसा आदि ऐसे अनेक स्नेहमय प्राणियों के प्रति अपने कर्त्तव्य को अनेक विघ्न बाधाओं के होते हुये भी मैं आंशिक रूप से पालन कर सका हूँ, इसका मुझे अत्यन्त हर्ष है।

पुस्तक की लिखाई तथा चित्रों की डिज़ाइन एवं बेले के बयान आदि में सहायता देने के लिये श्री० चन्दन बाबू और शुक्ल जी तथा अच्छी और सुन्दर छपाई के लिये "संगीत प्रेस" हाथरस के यशस्वी व्यवस्थापक तथा इस पुस्तक के प्रकाशक श्री प्रभूलाल जी गर्ग, हार्दिक धन्यवाद के पात्र हैं।

अन्त में हमारी भगवान के पवित्र चरणों में यही हार्दिक प्रार्थना है कि जिस प्रकार हमारे ऊपर अपने चरणों की छाया में पिछली अनेक जटिल से जटिल विघ्न बाधाओं को क्षण मात्र में आश्चर्यजनक रूप से काटते (उड़ाते) आये हैं, इसी तरह भविष्य में भी सदा हमारे मार्ग की समस्त विघ्न बाधाओं को दूर करते हुए हमें संगीत की अबाधित सेवा करने की अपूर्व शक्ति प्रदान करते रहें।

भारतीय संगीत सेवा आश्रम
४७५/अ० कटरा-इलाहाबाद
३१-१२-४८

निवेदक:—
बेनीप्रसाद श्रीवास्तव "भाई"

स्वरलिपियों का चिन्ह परिचय

चिन्ह	परिचय
प	जिन स्वरों के ऊपर नीचे कोई चिन्ह न हो, वे मध्य (बीचकी) सप्तक के शुद्ध स्वर हैं।
ध॒	जिन स्वरों के नीचे पड़ी लकीर हो, वे कोमल स्वर हैं; किन्तु कोमल मध्यम पर कोई चिन्ह नहीं होगा, क्योंकि कोमल म शुद्ध माना गया है।
मं	तीव्र मध्यम इस प्रकार होगा।
नि़	जिनके नीचे बिन्दी हो, वे मन्द्र (पहिली) सप्तक के स्वर हैं।
सां	ऊपर बिन्दी वाले स्वर तार सप्तक के हैं।
प –	जिस स्वर के आगे जितनी–लकीर हों उसे उतनी ही मात्रा तक और बजाइये।
रा ऽ	जिस अक्षर के आगे ऽ चिन्ह जितने हों, उसे उतनी ही मात्रा तक और गाइये।
पध	इस प्रकार से जहां २ या अधिक स्वर मिले हुए हों वे १ मात्रा में बजेंगे।
×|०	× सम, ० खाली, | ताली के चिन्ह हैं।
,	यह चिन्ह स्वरलिपियों में या तानों में अलग–अलग टुकड़े दिखाता है।
*	ऐसा फूल जहां हो, वहां पर १ मात्रा चुप रहना होगा।
⌒	स्वरों के ऊपर यह चिन्ह मींड देने के लिये होता है।
नि सां	इस प्रकार किसी स्वर के ऊपर कोई स्वर हो, तो ऊपर वाले स्वर को ज़रा सा छूते हुए नीचे के स्वर को बजाइये, इसे कण कहते हैं।
(म)	इस प्रकार कोई स्वर ब्रैकिट में बन्द हो, तो उसके आगे का स्वर और वह स्वर और पहिले का स्वर तथा फिर वही स्वर लेकर एक मात्रा में ही बजाइए जैसे (म) = पमगम।
∿∿	यह चिन्ह स्वरों के ऊपर ज़मज़मा देने के लिये होता है, अर्थात् स्वरों को हिलाना चाहिये।

बेला–विज्ञान

अनुक्रमणिका

गत साधन

निम्न लिखित १४ रागों की गतें आलाप, तोड़ा और झाला सहित हैं।

बेला विज्ञान

ग्रन्थकार—

प्रो० बेनीप्रसाद श्रीवास्तव 'भाई'

(संगीताचार्य)

बेला-विज्ञान

सङ्गीत शास्त्र

(संक्षेप में शास्त्र सम्बन्धी आवश्यक बातें)

सङ्गीत—गायन-वादन और नृत्य इन तीनों कला-अङ्गों के सम्मिलित नाम को 'सङ्गीत' कहते हैं। सङ्गीत का सम्बन्ध नाद (आवाज़) से है।

नाद—सङ्गीत उपयोगी आवाज़ को 'नाद' कहते हैं।

बड़ा नाद—वह आवाज़ जो ज़ोर से निकले और दूर तक सुनाई दे, उसे 'बड़ा नाद' कहते हैं।

छोटा नाद—वह आवाज़ जो धीरे से निकले और पास ही तक सुनाई दे, उसे 'छोटा नाद' कहते हैं। उपर्युक्त नाद के छोटे तथा बड़े होने को अँग्रेजी में (Magnitude) कहते हैं।

नाद की ऊंचाई—वह आवाज़ जो नीचे के स्वर से चलकर ऊपर चढ़े, उसे नाद की ऊँचाई कहते हैं। जैसे—'स' से ऊँचा 'रे', 'रे' से ऊँचा 'ग' इत्यादि।

नाद की निचाई—वह आवाज़ जो ऊँचे (चढ़े) स्वर से उतर कर नीची आवाज़ पर बोले, उसे नाद की निचाई कहते हैं। जैसे—'प' से नीचा 'म' तथा 'ग' से नीचा 'रे' इत्यादि।

पिच (Pitch)—नाद की ऊँचाई तथा निचाई को अँग्रेजी में (Pitch) कहते हैं।

नाद की जाति—नाद की वह विशेषता जिसके आधार पर हम बिना देखे ही, केवल कानों से सुनकर, यह पहिचान लेते हैं कि यह नाद किस वाद्य, अथवा व्यक्ति इत्यादि का है ? नाद की जाति अथवा गुण कहलाती है।

टिम्बर—नाद की जाति को अँग्रेजी में (Timbre) कहते हैं। नाद से श्रुति और श्रुति से स्वरों का जन्म होता है। इस तरह सङ्गीत शास्त्र में मुख्य सात स्वर हैं, जिनके नाम (१) षड्ज (२) रिषभ (३) गंधार (४) मध्यम (५) पंचम (६) धैवत (७) निषाद हैं। इन सात स्वरों के प्रत्येक नाम का पहला अक्षर लेकर सा, रे, ग, म, प, ध और नि यह उच्चारण क्रम से किया जाता है, ये सब शुद्ध स्वर कहलाते हैं।

शुद्ध स्वर—वह स्वर जो स्थिर होकर बराबर बोले, उसे शुद्ध स्वर कहते हैं जैसे—सा, रे, ग, म, प, ध और नि, इनकी पहिचान के लिये स्वर के नीचे या ऊपर कोई चिन्ह नहीं रहता, जैसे—सा ग इत्यादि।

विकृत स्वर—उपर्युक्त सात शुद्ध स्वरों के अतिरिक्त जो स्वर अपने निश्चित स्थान से नीचे उतर कर या ऊपर चढ़कर बोलते हैं, वे विकृत स्वर कहलाते हैं। जैसे—रे॒, ग॒, म॑, ध॒, नि॒ इत्यादि। पहिचान के लिये स्वर के नीचे अथवा ऊपर नीचे लेटी लकीर या ऊपर एक खड़ी लकीर दी जाती है, जैसे—ग॒ कोमल ध॒ कोमल म॑ तीव्र इत्यादि।

कोमल स्वर—वह स्वर जो अपने (शुद्ध) निश्चित स्थान से नीचे उतर कर दुबारा स्थिर होकर बोलें, वह कोमल स्वर कहलाते हैं। अतएव हमारे सङ्गीत के सात शुद्ध स्वरों में चार स्वर कोमल हैं। जिनके नाम कोमल रे, कोमल ग, कोमल ध और कोमल नि हैं। पहिचान के लिये हम प्रत्येक कोमल स्वर के नीचे एक लेटी लकीर देते हैं, जैसे—रे॒, ग॒, इत्यादि।

तीव्र स्वर—(मध्यम को छोड़कर) शुद्ध स्वरों को ही तीव्र स्वर कहने का भी प्रचार है, परन्तु मध्यम जब अपने निश्चित स्थान से कुछ ऊँचा हो जाता है, तब उसे तीव्र या कड़ी मध्यम कहते हैं। स्वरलिपि में तीव्र मध्यम म॑ इस प्रकार लिखा जाता है। कुछ गायक शुद्ध मध्यम को कोमल मध्यम भी कहते हैं।

अचल स्वर—वह निश्चित स्थिर स्वर जो अपने निश्चित स्थान से न नीचे उतर कर कोमल होकर बोलें और न ऊपर चढ़कर तीव्र होकर बोलें, वह अचल स्वर कहलाते हैं। अतएव हमारे सङ्गीत के सात शुद्ध स्वरों में केवल दो स्वर अचल हैं, जिनके नाम 'सा' और 'प' हैं (ये ही दो अचल स्वर, शेष स्वरों के जन्मदाता हैं) पहिचान के लिये हम स्वर के ऊपर या नीचे कोई चिन्ह नहीं देते।

नोट:—इस तरह हमारे सङ्गीत में सात शुद्ध स्वर, सा, रे, ग, म, प, ध, और नि, तथा पांच विकृत स्वर जिसमें चार कोमल स्वर रे॒ ग॒ ध॒ तथा नि॒ और एक तीव्र स्वर म॑ यह सब मिलकर कुल बारह स्वर होते हैं। नीचे के चित्र से भली-भांति समझ लें:—

स्वर नम्बर—	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
शुद्ध स्वर—	सा		रे		ग	म		प		ध		नि
कोमल स्वर—	सा	रे॒		ग॒		म		प	ध॒		नि॒	
तीव्र स्वर—	सा		रे		ग		म॑	प		ध		नि

उपर्युक्त चित्र देखने से ज्ञात होगा कि स्वरों की आवाज़ दर्जे ब दर्जे एक के बाद दूसरी चढ़ती जाती है।

सप्तक—मध्य सप्तक के सा से तार सप्तक के सां तक आये हुए कुल बारह स्वरों की एक पंक्ति को सप्तक कहते हैं, निम्नलिखित चित्र से भलीभाँति समझ लें।

एक सप्तक के स्वर--

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सा	रे॒	रे	ग॒	ग	म	मं	प	ध॒	ध	नि॒	नी
सा		रे		ग	म		प		ध		नी

अर्थात् सात मुख्य स्वरों के (कोमल, तीव्र, तथा शुद्ध सब मिलाकर बारह स्वरों) के नाम समुदाय को एक सप्तक कहते हैं। मुख्य सप्तक तो तीन ही हैं, जिनके नाम (१) मन्द्र सप्तक (२) मध्य सप्तक और (३) तार सप्तक हैं। परन्तु वाद्य यन्त्रों में बहुधा इन तीन सप्तक स्वरों के अतिरिक्त कुछ नीचे और कुछ ऊपर के उतरे और चढ़े सप्तक के स्वर भी व्यवहार में आते हैं। इस तरह अब हम पांच सप्तकों का व्यवहार पाते हैं, जिनके नाम (१) अनुमन्द्र सप्तक (२) मन्द्र सप्तक (३) मध्य सप्तक (४) तार सप्तक (५) अनुतार सप्तक हैं।

अनुमन्द्र सप्तक—जिन वाद्य यन्त्रों में मन्द्र सप्तक के स्वरों से भी नीचे उतरे बहुत मोटे बोलने वाले स्वर काम में लाये जांय (जैसे वीणा, सितार, सारंगी, सरोद आदि में) वह सब अनुमन्द्र सप्तक के स्वर होंगे। पहिचान के लिये हर स्वर के नीचे एक के बजाय दो बिन्दी होंगी, जैसे—सा, रे, ग इत्यादि।

मन्द्र सप्तक—मध्य सप्तक के स्वरों से नीचे उतर कर कुछ मोटे बोलने वाले सप्तक के सभी स्वर मन्द्र सप्तक के होंगे। पहिचान के लिये प्रत्येक के नीचे एक बिन्दी होगी। जैसे—सा़, रे़, ग़, इत्यादि।

मध्य सप्तक—मन्द्र सप्तक के स्वरों से ऊपर चढ़ कर बोलने वाले सप्तक के सभी स्वर मध्य सप्तक के स्वर होंगे। (साधारणतया मध्यम आवाज़ के कारण ही वाद्य तथा गायन आदि मध्य सप्तक के स्वरों से ही आरम्भ होता है और इन्हीं स्वरों को अधिक काम में लाया जाता है) पहिचान के लिये प्रत्येक स्वर के नीचे या ऊपर कोई चिन्ह नहीं होता। जैसे—सा रे ग इत्यादि।

तार सप्तक—मध्य सप्तक के स्वरों से ऊपर चढ़ कर बोलने वाले सप्तक के सभी स्वर तार सप्तक के स्वर होंगे। पहिचान के लिये हर स्वर के ऊपर एक बिन्दी होगी जैसे—सां, रें, गं इत्यादि।

अनुतार सप्तक—तार सप्तक के स्वरों से भी ऊपर चढ़ कर बोलने वाले सप्तक के सभी स्वर अनुतार सप्तक के स्वर होंगे। (वायलिन में बहुधा इस सप्तक के स्वरों से भी अच्छा काम लेते हैं) पहिचान के लिये हर स्वर के ऊपर दो बिन्दी होती हैं, जैसे—सां, रें, गं इत्यादि।

सप्तक विवरण—

(१) अनुमन्द्र सप्तक—सा रे ग म प ध नी

(२) मन्द्र सप्तक—सा़ रे़ ग़ म़ प़ ध़ नि़

(३)—मध्य सप्तक—सा रे ग म प ध नी

(४)—तार सप्तक—सां रें गं मं पं धं नीं

(५)—अनुतार सप्तक—सा रे ग म प ध नी

आरोह—किसी भी नीचे (उतरे) स्वर से ऊपर (चढ़े) स्वर की ओर क्रम से जाने की क्रिया को आरोह कहते हैं। जैसे, सा रे ग म प ध नी सां।

अवरोह—किसी भी ऊपर (चढ़े) स्वर से नीचे (उतरे) स्वर की ओर क्रम से वापिस लौटने की क्रिया को अवरोह कहते हैं। जैसे, सां नी ध प म ग रे सा।

राग—वह ध्वनि विशेष, जो स्वर तथा वर्ण से विभूषित है, तथा मनुष्यों के हृदय का रंजन करने में समर्थ है, राग कहलाती है। जैसे, राग देश, राग यमन इत्यादि।

राग में आवश्यक बातें—हर राग में अपना आरोह, अवरोह होता है। पांच स्वर से कम के कोई राग नहीं होते। राग में स्वर म कभी वर्जित नहीं होता, शेष स्वरों में एक या दो स्वर वर्जित हो सकते हैं, परन्तु म तथा प स्वर दोनों एक साथ वर्जित नहीं हो सकते। रागों का जन्म थाट से होता है।

थाट—सात स्वरों के एक ऐसे सप्तक को कहते हैं, जिसमें से अनेक रागों का जन्म होता है। जैसे, कल्याण थाट, बिलावल थाट इत्यादि।

१० थाट—हमारे संगीत में कुल १० थाट माने जाते हैं, जिनके नाम तथा स्वर निम्नलिखित हैं:—

१	बिलावल थाट	सा		रे		ग	म		प		ध		नी	सां
२	कल्याण थाट	सा		रे		ग		म॑	प		ध		नी	सां
३	खमाज थाट	सा		रे		ग	म		प		ध	नि॒		सां
४	भैरव थाट	सा	रे॒			ग	म		प	ध॒			नि	सां
५	पूर्वी थाट	सा	रे॒			ग		म॑	प	ध॒			नी	सां
६	मारवा थाट	सा	रे॒			ग		म॑	प		ध		नी	सां
७	काफी थाट	सा		रे	ग॒		म		प		ध	नि॒		सां
८	आसावरी थाट	सा		रे	ग॒		म		प	ध॒		नि॒		सां
९	भैरवी थाट	सा	रे॒		ग॒		म		प	ध॒		नि॒		सां
१०	तोड़ी थाट	सा	रे॒		ग॒			म॑	प	ध॒			नी	सां

राग की जाति—राग में लगने वाले स्वरों के अलग-अलग वर्ग राग की जाति कहलाते हैं। मुख्य रूप से रागों की तीन जातियां हैं (१) संपूर्ण (२) षाडव (३) औडुव।

संपूर्ण-संपूर्ण—जिस राग के आरोह तथा अवरोह में सात स्वर लगते हों उसे संपूर्ण संपूर्ण जाति का राग कहते हैं।

षाडव-षाडव—जिस राग के आरोह तथा अवरोह में छैः स्वर लगते हों, उसे षाडव-षाडव जाति का राग कहते हैं।

औडव-औडव—जिस राग के आरोह तथा अवरोह में पांच स्वर लगते हों उसे औडव-औडव जाति का राग कहते हैं।

रागों की तीन मुख्य जातियों के मिश्रण से निम्नलिखित जातियां और बनती हैं:—

षाडव-संपूर्ण—जिस राग के आरोह में ६ स्वर तथा अवरोह में ७ स्वर लगते हों उसे षाडव-सपूर्ण जाति का राग कहते हैं।

औडव-संपूर्ण—जिस राग के आरोह में ५ स्वर तथा अवरोह में ७ स्वर लगते हों उसे औडव-संपूर्ण जाति का राग कहते हैं।

संपूर्ण-षाडव—जिस राग के आरोह में ७ स्वर तथा अवरोह में ६ स्वर लगते हों उसे संपूर्ण-षाडव जाति का राग कहते हैं।

संपूर्ण-औडव—जिस राग के आरोह में ७ स्वर तथा अवरोह में ५ स्वर लगते हों उसे संपूर्ण-औडव जाति का राग कहते हैं।

षाडव-औडव—जिस राग के आरोह में ६ स्वर तथा अवरोह में ५ स्वर लगते हों उसे षाडव-औडव जाति का राग कहते हैं।

औडव-षाडव—जिस राग के आरोह में ५ स्वर तथा अवरोह में ६ स्वर लगते हों उसे औडव-षाडव जाति का राग कहते हैं।

राग के महत्वपूर्ण स्वर—रागों की रचना कान और हृदय को प्रसन्न करने वाले स्वरसमूह से होती है। जिसका यथार्थ दिग्दर्शन चार प्रकार के स्वरों से होता है, (१) वादी स्वर (२) संवादी स्वर (३) अनुवादी स्वर तथा (४) विवादी स्वर।

वादी स्वरः—राग में आये हुए स्वरों में वह एक स्वर जो और स्वरों की अपेक्षा राग के रूप को प्रकट करने में सबसे अधिक महत्व रखता हो, वही स्वर उस राग का वादी स्वर होगा।

सम्वादी स्वर—राग में आये स्वरों में एक ऐसा दूसरा स्वर जो वादी स्वर के कार्य में पूरी सहायता प्रदान करता हो, वही स्वर उस राग का संवादी स्वर होगा।

अनुवादी स्वर—राग में आये वह सभी शेष स्वर जो वादी तथा सम्वादी स्वरों को सहायता प्रदान करते हों, वे सब स्वर उस राग के अनुवादी स्वर होंगे।

विवादी स्वरः—राग में ऐसे स्वर जो वर्जित हों और लग जाने से राग के रूप को नष्ट करते हों, वही सब स्वर विवादी स्वर कहलाते हैं।

वर्जित स्वरः—राग में न लगने वाला स्वर उस राग का वर्जित स्वर होगा।

वक्र स्वरः—ऐसा स्वर जो किसी स्वर तक जाके वापस लौटे और फिर उसे लांघ कर आगे बढ़ जाय तो वह लांघा स्वर वक्र स्वर कहलाता है, उदाहरणार्थ—जैसेः—ग म प म ध इसमें "प" वक्र स्वर है।

ग्रह स्वरः—वह स्वर जिससे राग आरम्भ होता है, उसे ग्रह स्वर कहते हैं।

अंश स्वरः—वादी स्वर को ही संस्कृत ग्रन्थों में 'अंश' स्वर कहा गया है।

न्यासः—राग तथा ताल की एक साथ समाप्ति जिस स्थान पर होती है, उसे न्यास कहते हैं।

अपन्यासः—रागादि के किसी अंश की समाप्ति के स्थान को अपन्यास कहते हैं। इसीको विन्यास भी कहते हैं।

संधिप्रकाश रागः—वह राग जो दिन और रात तथा रात-दिन के सन्धि समय में गाये-बजाये जाते हैं, वह सब संधिप्रकाश राग कहलाते हैं।

पूर्वाङ्गः—वह राग जिनका सा रे ग म प स्वरों में से कोई वादी स्वर हो, उसे पूर्वाङ्ग राग कहते हैं।

उत्तराङ्ग—वह राग जिनका म प ध नि सां स्वरों में से कोई वादी स्वर हो, उसे उत्तराङ्ग राग कहते हैं।

पकड़ः—राग में आये स्वरों का एक ऐसा छोटा स्वरसमुदाय जो राग के पूरे रूप को व्यक्त करता हो, उसे उस राग की पकड़ कहते हैं।

आलापः—राग में आये स्वरों को रूप सहित विलम्बित लय में फैलाने की क्रिया को आलाप कहते हैं।

तानः—राग में आये स्वरों को रूप सहित द्रुत से द्रुत लय में फैलाने की क्रिया को तान कहते हैं।

तोड़ाः—किसी तान के टुकड़े करके सम में मिलने की क्रिया को तोड़ा कहते हैं।

अलंकारः—नियमित क्रम से की हुई स्वर रचना को अलंकार कहते हैं।

पलटाः—तान, तोड़ा तथा अलंकार के वापस आने की क्रिया को पलटा कहते हैं।

अलटा-पलटाः—तान, तोड़ा तथा अलंकारों को अलट-पलट कर लेने-देने की क्रिया को ही अलटा-पलटा कहते हैं।

बहुतः—वे स्वर जो आरोह और अवरोह में या अवरोह और आरोह में समान रूप से लगते हैं, बहुत कहलाते हैं। यह दो प्रकार के होते हैं (१) अलंघन, (२) अभ्यास।

अलंघनः—वह स्वर जो आरोह और अवरोह में समान रूप से लगते हैं, अलंघन कहलाते हैं।

अभ्यासः—वह स्वर जो आरोही में लगता हो और अवरोही में वर्जित हो या आरोही में वर्जित हो और अवरोही में लगता हो, उसे अभ्यास कहते हैं।

आन्दोलित स्वर—वह स्वर जो हिलाकर या कंपाकर बजाये जाते हैं, आन्दोलित स्वर कहलाते हैं।

गमकः—आन्दोलित स्वरों को बल देकर बजाने की क्रिया को गमक कहते हैं।

कणः—स्वरों के साथ किसी दूसरे स्वर को छूकर बजाने की क्रिया को कण कहते हैं।

जमजमाः—स्वरों को गाते या बजाते समय हिलाने की क्रिया को जमजमा कहते हैं।

मींड़ या सूतः—दो या दो से अधिक स्वरों को कम से कम गज (कमानी) चला कर अटूट बजाने की क्रिया को सूत तथा सितार, सरोद आदि ऐसे तन्त्रों में कम से कम मिज़राब की ठोंक से धीरे-धीरे एक साथ परदे पर तार खींच कर बजाने की क्रिया को मींड़ कहते हैं।

तारः—वह स्वर जो रागादि के टीप के स्वरों में कहां तक जाना चाहिये यह बताता हो, उसे तार कहते हैं।

सरगमः—स्वरों के नामों के सांकेतिक अक्षरों को सरगम कहते हैं।

सपाट तानः—वह तान जिनके सभी स्वर बिना किसी बन्धन के सीधे तथा सपाट सिलसिलेवार तेज़ी से बजाये जाते हैं, उसे सपाट तान कहते हैं।

कूट तानः—वह तान जो किसी स्वर से एक के बाद दूसरे स्वरों को पीछे से हरबार दुहरा कर बढ़ती जाय उसे कूट तान कहते हैं।

फिरतः—फिरत की तानें कूटतान ही के सदृश होती हैं।

अचर्क तानः—हर स्वर दो बार समान रूप से बजाये जाने वाली तान को अचर्क तान कहते हैं।

रागांक तानः—वह तान जिसके छन्द में दो स्वर आरोही के और दो स्वर अवरोही के सदृश बजाये जांय, उसे रागांक तान कहते हैं।

साम्यक तानः—तीन-तीन स्वरों के छन्द से एक के बाद दूसरे स्वर मे बराबर बजने वाली तान को साम्यक तान कहते हैं।

सरोक तानः—वह तान जो चार-चार स्वरों के छन्द से साम्यक तान के सदृश बजाई जाय, उसे सरोक तान कहते हैं।

खटकाः—वह तान जिनके स्वरों के छन्द धक्का सदृश बजाये जांय, उसे खटका कहते हैं।

झटकाः—वह तान जिनके स्वरों के छन्द झटका सदृश बजाये जांय, उसे झटका कहते हैं।

छूटः—वह तान जिनके स्वरों के छन्द एक दूसरे को लांघते हुए जाते हों उसे छूट की तान कहते हैं।

बोल तान—वह तान जिनके स्वर-अक्षर बजाय आकार के गीत-शब्द के अक्षर पिरो कर कहे जांय, उसे बोल तान कहते हैं।

बोल आलाप—वह आलाप जिनके स्वरों में आकार न कह कर गीत के शब्द पिरो कर गाये जांय उसे बोल आलाप कहते हैं।

छन्द—अनेक तानों के छोटे-छोटे प्रकार से अलंकृत मिश्रित तान को क्रम से बजाने को छन्द कहते हैं।

हलका—किसी तान के प्रत्येक दो स्वर के बाद तीसरा स्वर दो बार फैलाकर बजाने की तान को हलका कहते हैं।

लड़त—वह तान जिसमें ठाह-दून की दोनों लय बिना किसी क्रम से मौजूद हों उसे लड़त कहते हैं।

नीचे उदाहरण दिये जाते हैं:—

आलाप— जैसे सा — — — — — — — रे — — — — — — — — ॥

तान— " सारे गम पम गम पध निसां।

अलंकार— " सारे गरे गम गम पम पध, या सारेगमरेगमप।

सपाट तान— " सारेगम पधनिसां निधपम गरेसारे।

कूट तान— " सा — सा रे सा — सा रे ग रे सा — सा रे ग म ग रे सा -।

अचर्क तान— " सासा रेरे गग मम पप।

रागाङ्ग तान— " सारे रेसा, सारेरेग।

साम्यक तान— " सा रे ग — रे ग म — ग म प —।

सरोक तान— " सा रे ग म, रे ग म प, ग म प ध।

आस— " रेग या रेगम।

मींड़— " सानिसा या रेम

जमजमा— " सा या ग।

खटका— " सारे रेग गम मप।

झटका— " सा रे ग म सारे गम पध निसां।

छूट— " सा ग रे म ग प म ध।

बोल तान " { सा — — — — प — — रे — — — — }
{ का ऽ ऽ ऽ हे ऽ मो ऽ ऽ ऽ से ऽ ऽ }

छन्द— " सारे गरे सारे गम, रेग मग रेग मप।

हलका— " सा रे ग ग, रे ग म म, ग म प प।

लड़त— " निसा सा सा सा सा सा निसा सा सा सा निसा सा सा सा सा सा।

अलटा— " सांनि धप मग रेसा।

अलटा-पलटा— " सांनि धप धनि सांरें, निध पम गम पध।

कण— " म प सां
प, ग, नि।

सूत— " सानिसा, रेम।

गत या लहरा—किसी राग के स्वरों की किसी ताल में एक ऐसी सुन्दर रचना जिसमें स्थाई, जोड़ और अन्तरा या स्थाई तथा अन्तरा ऐसे तीन या दो भाग बँधे हों और वीणा, सितार, सरोद ऐसे तंत्रों में मिज़राब या जवा से तथा सारङ्गी, दिलरुबा, इसराज तथा बेला आदि पर गज (कमानी) से तथा बांसुरी, शहनाई, आदि पर मुँह से फूंक द्वारा बजाये जांय, उसे गत या लहरा कहते हैं।

नोट—(अ) मिज़राब से बजने वाली सभी रचना गत कहलाती हैं। और गज (कमानी) से बजने वाली सभी रचना लहरा (गत) कहलाती हैं।

(ब) बेला (Violin) पर सितार तथा सरोद की गतों के बजाने का भी चलन है।

बाज और उनके विभाग—बेला, सितार ऐसे तंत्रों के बाज की अपेक्षा वीणा का बाज अधिक विस्तृत और शास्त्रपूर्ण रहता है। जिसके आलाप, जोड़, गत, झाले ठोंक के बाज चार भाग में विभाजित रहते हैं। जिनके नाम (१) स्थाई (२) अन्तरा (३) संचारी और (४) आभोग हैं।

स्थाई—राग में आये आलाप या तालबद्ध गत का वह स्वर भाग जो मध्य सप्तक के स्वर "सा" की ओर अपना संबन्ध जोड़ने की क्रिया को दिखाते हों, उसे स्थाई कहते हैं, (गत तथा गायन की स्थाई पूरे बाज तथा गायकी में बार-बार गाई तथा बजाई जाती है) स्थाई का दूसरा नाम टेक भी है।

अन्तरा—राग में आये हुए आलाप या तालबद्ध गत का वह स्वर भाग जो तार सप्तक के "सां" की ओर अपना सम्बन्ध जोड़ने की क्रिया को दिखाता हो, उसे अन्तरा कहते हैं। अन्तरा, स्थाई के बाद गाया या बजाया जाता है; अन्तरा का दूसरा नाम जोड़ या मंझा भी है।

संचारी—राग में आये आलाप या तालबद्ध गत का वह स्वर भाग, जो स्थाई तथा अन्तरे के स्वर मिश्रण से बना हो और तार सप्तक के "सां" की ओर ही

अपना आकर्षण रखने की क्रिया को दिखाता हो, उसे संचारी कहते हैं। संचारी-स्थाई, अन्तरा के बाद गाया या बजाया जाता है।

आभोग—राग में आये आलाप या तालबद्ध गत का वह स्वर भाग जो स्थाई, अन्तरा तथा संचारी ऐसे तीनों भागों के स्वर मिश्रण से बना हो, और मध्य सप्तक के "सा" की ओर अपना आकर्षण वापिस मिल जाने की क्रिया को दिखाता हो, तो उसे आभोग कहते हैं। आभोग-स्थाई, अन्तरा तथा संचारी के बाद गाया बजाया जाता है।

नोट—गत की रचनाओं (किसी-किसी ध्रुपद की रचनाओं में भी) ख्याल तथा ठुमरी आदि की रचनाओं में तो स्थाई, अन्तरा, स्थाई-जोड़, या स्थाई-जोड़ और अन्तरा ऐसे दो या तीन ही भाग पाये जाते हैं।

गत के भेद—क्यों कि सितार तथा सरोद की गतों के बजाने का चलन बेले पर भी है, इसलिये गत का भेद भी यहां बता देना ज़रूरी है। गतों के दो भेद हैं, (१) मसीदख़ानी गत (२) रज़ाख़ानी गत।

मसीदख़ानी—मसीदख़ानी गत विलम्बित लय में बजाई जाती है, जिसके बोल साधारण रूप से, दा दा रा दिर दा दिर दा रा दा दा रा दिर दा दिर दा रा जैसे होते हैं।

दिल्ली बाज—मसीदख़ानी गत को दिल्ली बाज भी कहते हैं।

बहादुरख़ानी—मसीदख़ानी प्रकार की गत को ही बहादुरख़ानी बाज भी कहते हैं।

रज़ाख़ानी गत—रज़ाख़ानी प्रकार की गत द्रुतलय में बजाई जाती है। जिसके बोल दा ऽरे दा दा ऽरे दा दा रा दा दिर दिर दिर दा रदा ऽर दारा जैसे होते हैं।

पूर्वी बाज—रज़ाख़ानी प्रकार की गत को ही पूर्वी बाज कहते हैं।

फ़िरोज़ख़ानी—रज़ाख़ानी प्रकार की गत को ही फ़िरोज़ख़ानी बाज भी कहते हैं।

ताल का बयान

सङ्गीत विज्ञान का ताल से बड़ा घनिष्ठ सम्बन्ध है, अतः सङ्गीत में जहां स्वर तथा राग के ज्ञान की आवश्यकता है, वहां ताल तथा लय मात्रा ज्ञान की भी कहीं उससे अधिक जरूरत है। बिना ताल ज्ञान के सङ्गीत के किसी भाग का परिश्रम बिलकुल बेकार और अशुद्ध है। वास्तव में देखा जाय तो सङ्गीत का व्याकरण ही ताल है, सङ्गीत शास्त्र ही ताल पर अवलंबित है।

सङ्गीत विज्ञान का वास्तविक संबन्ध ताल से है, अतएव गायन-वादन के स्वर तथा नृत्य तत्कार के बोलादि कहने में जो समय लगता है, उस समय-व्यय का हिसाब मात्रा से किया जाता है, और इसी हिसाब से मात्राओं के शुमार से अनेक तालों की रचना हुई है। अतएव गाने तथा बजाने के समय व्यय की नाप, ताल के ही पैमाने से होती है।

ताल—समय नाप के पैमाने को ताल कहते हैं। ताल मात्राओं से बनता है। मात्राओं के ही अनेक शुमार के अनुसार अनेक तालों की रचना हुई है।

मात्रा—मात्रा समय का एक छोटा सा हिस्सा है। अर्थात् स्वस्थ मनुष्य की नाड़ी एक बार जितना समय धड़कने में लेती है, उसी को मात्रा कहते हैं। अर्थात् एक धड़कन एक मात्रा की होती है, एक सैकिंड के $\frac{1}{2}$ के बराबर वाले समय को भी एक मात्रा कहते हैं।

ठेका—ताल में उन बोल अक्षरों की एक ऐसी विशिष्ट रचना को जो तबला या पखावज ऐसे साजों पर बजाकर जब दिखाये जाते हैं, तब उसे ठेका कहते हैं।

ताली—ठेके को मात्रानुसार हाथों की ताली से बजाकर बताने को ताली कहते हैं।

बानी—तबला तथा पखावज पर निकलने वाले सभी मात्रा के बोलों को बानी कहते हैं।

शुद्ध बानी—साफ और शुद्ध निकलने वाले सभी अक्षरों को शुद्ध बानी कहते हैं।

आघात (जरब)—ठेका या ताल की मात्रा गिनते हुये ताली तथा खाली स्थान के दिखाने को आघात या ज़रब कहते हैं।

ठेका और उनके भाग—सभी ताल (ठेका) दो से अधिक भागों में विभाजित होते हैं। जिनके नाम (१) सम (२) दूसरी ताल (३) खाली (४) तीसरी ताल इत्यादि हैं।

सम—इस विभाग में आये मात्राओं की पहली मात्रा पर ताली प्रगट करने की क्रिया को "सम" कहते हैं। ताल में आये सभी भागों में "सम" का भाग प्रधान होता है। "सम" को पहली ताल भी कहते हैं।

खाली (फांक)—खाली विभाग में आयी मात्राओं की पहली मात्रा को बिना ताली की आवाज़ के हथेली उलट कर संकेत करने की क्रिया को खाली या फांक कहते हैं। खाली को कुछ लोग "अतीत" भी कहते हैं।

शेष भाग—ताल के शेष सभी भागों में आई 'मात्राओं की पहली मात्रा को ताली बजा कर तथा खाली दिखाकर दिखाया जाता है।

ताल के विभाग और उनके नाम—ताल में आये भागों के नाम तथा उनके सांकेतिक चिन्ह भी तीन ताल में जान लेने चाहिये:—

१ सम—ताल में आये भागों में पहले भाग की पहली मात्रा पहली ताल कहलाती है, जिसे सभी लोग "सम" कहते हैं चिन्ह × है।

२ विषम—ताल में आये भागों में दूसरे भाग की पहली मात्रा दूसरी ताल कहलाती है जिसे कुछ लोग "विषम" कहते हैं। चिन्ह २ है।

३ अतीत—ताल में आये भागों में तीसरे भाग की पहली मात्रा खाली ताल कहलाती है, जिसे कुछ लोग "अतीत" कहते हैं। चिन्ह ० है।

४ अनाघात—ताल में आये भागों में चौथे भाग की पहली मात्रा तीसरी ताल कहलाती है, जिसे कुछ लोग "अनाघात" कहते हैं। चिन्ह ३ है।

नोटः—इसी तरह शेष और भागों की तालें गिनती से जैसे ४, ५, ६, आदि संकेतों से तथा खाली के सब भाग ० चिन्ह से बताये जांयगे।

तोड़—ठेके के ठीक सम पर गायन अथवा वादन दोनों के एक साथ मिलने से पहिले की आहट से जो टुकड़ा (छोटे से छोटा) बनकर सम पर आ मिलता है, उस टुकड़े को तोड़ कहते हैं।

तिहाई—किसी भी टुकड़े को तीन बार बराबर से बजाने को तिहाई कहते हैं।

परन—तबले या पखावज के किसी बोल को विविध प्रकार से फैलाने की क्रिया को परन कहते हैं। परन कई प्रकार की होती हैं।

रेला—एक मात्रा में आठ-आठ अक्षर के बोलों की एक ऐसी रचना, जो ताल की आवृत्तियों में विविध प्रकार से फैलाकर बजाई जाय, उसे रेला कहते हैं। रेला के भी कई प्रकार हैं।

बांट—किसी बँधे बोल के हर बोल को विविध रूप से तरह-तरह से फैलाकर बजाने को उस बोल का बांट कहते हैं।

आमद—ताल बजाने की क्रिया से पहले टुकड़े या मुहरे को आमद कहते हैं।

चक्रदार—वह बंधे बोल जो कई बार चक्कर लगाने के बाद ठीक सम पर टूटते हैं (मिलते या खतम होते हैं) उसे उस बोल का चक्रदार बोल कहते हैं।

आवृत्ति—किसी ताल को सम से सम तक एक बार बताने या बजाने की क्रिया को एक आवृत्ति कहते हैं, इसी तरह जितनी बार दुहरायेंगे उतनी ही आवृत्तियाँ कही जायँगी।

लय—गाने बजाने अथवा नाचने में जो समय व्यतीत होता है, उस समय की एक सी चाल को लय कहते हैं।

लय भेद—लय के मुख्य तीन भेद हैं (१) विलंबित लय (२) मध्यलय तथा (३) द्रुत लय।

विलंबित लय—मात्रा को दुगने विलंब की मात्रा मानकर गाने तथा बजाने की क्रिया को "विलंबित लय" कहते हैं। जैसे साऽ, रेऽ, गऽ इत्यादि।

मध्यलय—साधारण मात्रा को मान कर गाने तथा बजाने की क्रिया को 'मध्यलय' कहते हैं। जैसे सा, रे, ग, म इत्यादि।

द्रुत लय—मात्रा को ½ विलम्ब की मात्रा मान कर गाने तथा बजाने की क्रिया को "द्रुत लय" कहते हैं। जैसे सारे गम पध निसां इत्यादि।

निम्नलिखित लयों की भी ज़रूरत होती है:—

अतिविलंबित लय—मात्रा को चौगुन विलंब की मात्रा मानकर गाने तथा बजाने की क्रिया को "अतिविलंबित लय" कहते हैं। जैसे साऽऽऽ, रेऽऽऽ इत्यादि।

चौगुन लय—मात्रा को ¼ विलंब की मात्रा मान कर गाने तथा बजाने की क्रिया को "चौगुन लय" कहते हैं। जैसे सारेगम पधनिसां इत्यादि।

नोट—इसी तरह और भी लय के प्रकार बनाये जा सकते हैं।

साथ करना—गाने तथा बजाने की लयकारी के अनुसार हूबहू संगत करने की क्रिया को "साथ करना" कहते हैं।

(१) तीन ताल (आदि ताल)

तीन ताल में १६ मात्राएँ होती हैं, जो चार भागों में विभाजित हैं। तीन भाग पर ताली तथा एक भाग पर खाली होती है। मात्रानुसार १, ५, १३ पर ताली और ९ खाली होती है।

मात्रा	१ २ ३ ४	५ ६ ७ ८	९ १० ११ १२	१३ १४ १५ १६
ताल	×	२	०	३
ठेका	धा धिन धिन ता	ता धिन धिन ता	ता तिन तिन ता	ता धिन धिन ता

(२) झपताल

झपताल में १० मात्रा होती हैं, जो चार भागों में विभाजित हैं। तीन भाग पर ताली तथा एक भाग पर खाली होती है। मात्रानुसार १, ३, ८ पर ताली और ६ पर खाली होती है।

मात्रा		२	३	४	५	६	७	८	९	१०
ताल	×		२			०		३		
ठेका	धी	ना	धी	धी	ना	ती	ना	धी	धी	ना

(३) एक ताल

इकताला में १२ मात्रा होती हैं, जो छः भागों में विभाजित हैं। चार भाग पर ताली तथा दो भाग पर खाली होती है। मात्रानुसार १, ५, ९, ११, पर ताली और ३, ७ पर खाली होती हैं।

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
ताल—	×		०		२		०		३		४	
ठेका—	धिन	धिन	धागे	तिरकिट	तू	ना	कत	ता	धागे	तिरकिट	धिन	नाना

(४) चौताल

चौताल में १२ मात्रा होती हैं, जो छः भागों में विभाजित हैं। चार भागों पर ताली तथा दो भाग पर खाली होती है। मात्रानुसार १, ५, ९, ११ पर ताली और ३, ७ पर खाली होती हैं।

मात्रा-	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
ताल-	×		०		२		०		३		४	
ठेका-	धा	धा	दिन	ता	तिट	धागे	दिन	ता	तिट	कत	गदि	गन

(५) तीव्रा ताल

तीव्रा ताल में ७ मात्रा होती हैं, जो तीन भागों में विभाजित हैं। तीनों भागों पर ताली हैं (इस ताल में खाली नहीं होती) मात्रानुसार १, ४, ६ पर ताली होती हैं।

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७
ताल—	×			२		३	
ठेका (तबला)	धी	धी	ना	धी	त्रिक	धी	ना
ठेका (पखावज)	धा	दिन	ता	तेटे	कत	गदि	गन

(६) रूपक ताल

रूपक ताल में ७ मात्रा होती हैं, जो तीन भागों में विभाजित हैं। एक भाग पर खाली तथा दो भाग पर ताली होती है। मात्रानुसार ४, ६, पर ताली और एक पर खाली होती है। इस ताल की पहली ताली यानी सम खाली पर ही मानी जाती है।

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७
ताल—	×			२		३	
ठेका (१)	तिन	तिन	ना	धी	ना	धी	ना
ठेका (२)	तिन	*	त्रिक	धिन	*	धा	गे

(७) ताल कहरवा

ताल कहरवा में ८ मात्रा होती हैं, जो दो भागों में विभाजित हैं। एक भाग पर ताली तथा दूसरे भाग पर खाली होती है। मात्रानुसार १ पर ताली और ५ पर खाली होती है।

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८
ताल—	×				०			
ठेका—	धा	गे	ना	ति	न	क	धि	न

(८) ताल दादरा

दादरा ताल में ६ मात्रा होती हैं, जो दो भागों में विभाजित हैं। एक भाग पर ताली तथा दूसरे भाग पर खाली होती है। मात्रानुसार १ पर ताली और ४ पर खाली होती है।

मात्रा—	१	२	३	४	५	६
ताल—	×			०		
ठेका—	धा	धी	ना	धा	तू	ना

(९) ताल कव्वाली

कव्वाली ताल में ८ मात्रा होती हैं, जो चार भागों में विभाजित हैं। तीन भाग पर ताली तथा एक भाग पर खाली होती है, मात्रानुसार १, ३, ७ पर ताली और ५ पर खाली होती है।

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८
ताल—	×		२		०		३	
ठेका—	धा	गे	ना	तिन	ना	तिन	ना	तिट

(१०) ताल दीपचन्दी

दीपचन्दी ताल में १४ मात्रा होती हैं, जो चार भागों में विभाजित हैं। तीन भाग पर ताली तथा एक भाग पर खाली होती है। मात्रानुसार १, ४, ११ पर ताली और ८ पर खाली होती है।

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
ताल—	×			२				०			३			
ठेका—	धा	धिन	ऽ	धा	धा	तिन	ऽ	ता	तिन	ऽ	धा	धा	धिन	ऽ

(११) जत ताल

जत ताल में ८ मात्रा होती हैं, जो चार भागों में विभाजित हैं। तीन भाग पर ताली तथा एक भाग पर खाली होती है। मात्रानुसार १, ३, ७ पर ताली और ५ पर खाली होती है।

मात्रा—	१	२	३	४	५	६	७	८
ताल—	×		२		०		३	
ठेका—	धा	धिन	धाधा	तिन	ता	तिन	धाधा	धिन

बेला का बयान

बेला कैसे पकड़ें ?

—— * ——

बेला बांये हाथ में पकड़ा जाता है। ठोड़ी टेलपीस (Tail piece) के बांये तरफ बेले के सीने पर टेकी जाती है। बांये हाथ की उङ्गलियों की दूसरी (या बीच वाली) गांटें (Knuckles) और तंत्रकार की नाक एक सतह में रहती है। ऐसा करने से बेला पृथ्वी से समानान्तर (Parallel) रहता है। बेले की बांई तरफ का भाग ४५ डिगरी के कोण पर उठा रहता है, जिससे पिछले तार पर गज (Bow) आसानी से पहुँच सके। बेले का चौड़ा वाला भाग बांई हंसली की हड्डी (Collar bone) पर, ठोड़ी के नीचे खूब घुमाकर, रक्खा जाता है, (क्योंकि जब बेले पर सूत का काम होता है तो उसे ठोड़ी से खूब दबाये रहना पड़ता है) बांया कंधा बेले की पीठ पर किसी समय भी न छूना चाहिये। बांया बाजू इतना आगे बढ़ाकर रक्खा जाता है, कि उसकी कुहनी बेले के नीचे (ठीक बीचोंबीच) आ जाय, कुहनी शरीर से छूती हुई हरगिज न रहे।

बांये हाथ की पहली उङ्गली की तीसरी रेखा (उङ्गली की जड़) (Crease)

वह ठीक स्थान है, जहां बेले के फिंगर बोर्ड (Finger board) के कोने का किनारा लगाना चाहिये, ऐसा करने से उङ्गलियां स्वरों के करीब–करीब ठीक स्थानों पर पड़ती हैं। बेले की गर्दन (Neck) अँगूठे के पोर की गद्दी के ऊपर रक्खी जाती है, ऐसा करने से पूरी उङ्गलियां (Finger board) से ऊपर निकली रहती हैं, और मध्यम के तार पर भी जो दूर पड़ता है आसानी से पहुँच जाती हैं। कलाई सीधी रखनी चाहिये। बेले की गर्दन पर सिवा अँगूठे व पहली उङ्गली के, हाथ का कोई भाग न छूना चाहिये। कुछ लोग गर्दन के नीचे पूरी हथेली लगाये रहते हैं। यह बहुत भद्दा भी दिखाई देता है, और इससे बजाने में हाथ रुकता है। तार पर उङ्गलियां इस तरह रखनी चाहिये कि उङ्गलियों के जोड़ (Joints) मुड़े हुए, चौकोर रहें। जिससे तार पर उङ्गलियों की नोंक ऊपर से खड़ी हुई गिरे, तात्पर्य यह है कि—

(१) अँगूठे व पहली उङ्गली के बीच की गाई बेले की गर्दन से अलग रहे।

(२) बेले की गर्दन का बोझ अँगूठे की गद्दी के ऊपर रहे।

(३) उङ्गलियों की पूरी लम्बाई (Finger board) से ऊपर रहे।

(४) उङ्गलियों के जोड़ चौकोर मुड़े हुये रहें, ताकि उङ्गलियों की नोंक तार पर ऊपर से पड़े।

(५) कलाई बेले के किसी भी भाग को न छुए।

(६) बेला पृथ्वी से समानान्तर दाहिनी ओर को ४५ डिग्री के कोण पर झुका हुआ रहे।

गज (BOW) का प्रयोग

गज को दाहिने हाथ के अँगूठे और पहली व चौथी उङ्गलियों पर साधा जाता है। अँगूठे के पोर की गद्दी को (करीब नाखून के बीच के मुकाबले) गज पर चाँदी के छल्ले के पास रखिये। अँगूठा गज की एड़ी (Heel) की ओर छुङ्गली (चौथी) उङ्गली के समानान्तर झुका रहना चाहिये, चौथी (छुङ्गली) उङ्गली की नोंक गज के ऊपर (अँगूठे से १॥ इन्च पीछे) रखनी चाहिये। पहली उङ्गली का पहला मोड़ (Joint) गज पर सामने की ओर (अँगूठे से १॥ इन्च आगे) रखना चाहिये। अब गज, बीच की बाकी दो उङ्गलियों की मदद के बिना, पूरीतौर से सधा (Balanced) हुआ है। अब बीच की बाकी दोनों उङ्गलियों को गज पर पहली व चौथी उङ्गलियों के बीच इस तरह आसानी से रख लिया जाय, कि उनके बीच–बीच थोड़ा

फासला रहे, वे गज की एड़ी की ओर झुकी हों और वे गाँठों (Joints) पर मुड़ी न हों।

आप देखेंगे कि इस तरह दूसरी उङ्गली अंगूठे के सामने है, और गज पहली उङ्गली के पहिले मोड़ (Crease) पर होकर (और दूसरे मोड़ की ओर जाता हुआ) दूसरी व तीसरी उङ्गलियों के पहिले मोड़ों पर होकर और चौथी उङ्गली की नोंक को छूता हुआ जाता है। चौथी उङ्गली छोटी होने के कारण, स्वभावतः गज के ऊपर टिकी रहेगी अर्थात् बाकी तीन उङ्गलियों की भांति यह उङ्गली लटकी नहीं रहेगी।

नोट—गज को तारों पर इस तरह चलाना चाहिये कि:—

(१) वह एक सिरे से दूसरे सिरे तक सीधा और ब्रिज (Bridge) के समानान्तर (Parallel) चले।

(१) बालों का बाहर वाला किनारा तार पर छुये।

मधुर आवाज़ पैदा करने के यह दो मुख्य साधन हैं।

इसका भी ध्यान रहना चाहिये कि जब गज की नोंक के क़रीब का भाग इस्तैमाल हो, उस समय दाहिनी कलाई शरीर के पास न आ जाय।

पहली व चौथी उँगलियों का काम

गज अँगूठे व दूसरी उँगली से थामा जाता है, पहली व तीसरी उँगली इसको पकड़ने में मदद देती है, और उँगली गज को साधती (balance) करती है। पहली उँगली का काम तारों पर गज़ का दबाव बढ़ाना है। अगर आवाज़ हलकी निकालनी हो तो पहली उँगली दूसरी व तीसरी उँगलियों की भांति गज़ पर मामूली तौर से रक्खी रहती है, और गज़ को केवल चलाने में मदद देती है। अगर जोरदार (तेज़) आवाज़ निकालनी हो, तो पहली उँगली का दबाव बढ़ा दिया जाता है, इससे गज़ के बाल (जिनका किनारा साधारणतः तारों को छूता रहता है) पूरी चौड़ाई से (एक फीते की तरह) तारों पर आ जाते हैं और जोरदार आवाज़ पैदा कर देते हैं। चूंकि इस दबाव के डालने का ज़रिया पहली उँगली ही है, इसलिये यह उँगली गज़ पर इतने हलके से रखनी चाहिये कि जब गज़ नीचे की ओर जाय तो गज़ इस उँगली के पहले जोड़ की लाइन से करीब करीब दूसरे जोड़ की लाइन में चला आये।

चौथी उँगली गज का कुल भार उठाये रहती है। इस तरह हलकी आवाज निकालते समय वह पहली उँगली की काफी मदद करती है। क्योंकि चौथी उँगली का दबाव डालने से गज तारों पर से उठ सा जाता है।

प्रथम अभ्यास

गज को ठीक-ठीक पकड़ना, साधना, (balance करना) और उसे तारों पर इतना आहिस्ता से दबाना चाहिये कि हलकी से हलकी सांस के

मानिन्द आवाज़ पैदा हो। यह बात गज को तारों पर बहुत हलके से रखने पर निर्भर है। फिर धीरे धीरे दबाव बढ़ाते जाना चाहिये, जिससे आवाज़ बिना कर्कश हुये ज़ोर से पैदा होगी, यह सांस जैसी हलकी आवाज़ गज के किसी भी भाग से, गज ऊपर व नीचे दोनों ओर चलाते हुए निकालने का अभ्यास अत्यन्त आवश्यक है।

गज को ब्रिज (Bridge) से करीब एक इन्च की दूरी पर चलाना चाहिये, ब्रिज के पास गज चलाने से ज़्यादा ज़ोरदार आवाज निकलती है।

कलाई की हरकत—

गज को ब्रिज के समानान्तर रखने के लिये यह जरूरी है कि जब गज की एड़ी तारों पर हो, उस वक्त कलाई का बाहरी भाग ऊपर को मुड़ा हुआ हो। यह कलाई का मोड़ गज जैसे जैसे नीचे उतरता आता है, घटता और बदलता जाता है। यहां तक कि जब गज की नोक तारों पर होती है, उस वक्त कलाई की सूरत पहली सूरत की बिलकुल उलटी हो जाती है। यानी कलाई के अन्दर की ओर वाला भाग

बाहर ज़मीन की ओर मुड़ जाता है, और हाथ (कलाई से उगलियों तक का भाग) ऊपर को झुक जाता है।

गज को चलाना

गज की पूरी लम्बाई को तारों पर चलाना चाहिये, यह नहीं कि गज के सिर्फ एक तिहाई हिस्से को ही इस्तैमाल किया जाय। तेजी के साथ पूरी लम्बाई से गज खींचने से मुलायम, मीठी और तेज़ आवाज निकलती है। यह आदत शुरू से डालनी चाहिये।

गाने या गत का बारीक नाजुक काम गज के ऊपरी आधे भाग से किया जाता है। जब फुर्ती से बजाना हो, तब भी गज का ऊपरी भाग ही इस्तैमाल किया जाय। गज का निचला आधा भाग इस्तैमाल करते समय गज व हाथ का पूरा वज़न तारों पर रहता है, जिससे आवाज़ तेज़ निकलती है।

गज को उसकी नोंक से बीच तक चलाने में दाहिने बाजू का केवल अगला भाग (कुहनी से उङ्गलियों तक) ऊपर को जाता है। गज को उसके बीच से एड़ी तक चलाने में बाजू का ऊपरी भाग (कन्धे से कुहनी तक) ऊपर को जाता है, यहां तक कि कलाई का बाहरी भाग ऊपर को मुड़ जाता है। इस वक्त बाजू से कलाई को हलका सा झटका देना चाहिये, ताकि ऊपर व नीचे जाने के बीच में आवाज़ का सिलसिला कायम रह सके, यह थोड़ा अभ्यास करने से हो सकेगा। गज को नीचे उतारते समय ठीक उल्टा तरीका अपनाया जाता है, यानी एड़ी से बीच तक गज चलाने में बाजू का ऊपरी भाग नीचे आता है, उसके बाद बाजू का अगला भाग।

बेला (Violin) के तार

१ बेला का सबसे पतला तार चढ़े रिषभ (रें) का तार ('E' String) कहलाता है।
२ " " उससे मोटा "साधारण पंचम (प) " ('A' Srting) " "
३ " " " " " " स्वर (स) " ('D' String) " "
४ " " " " " मन्द्र मध्यम (म़) " ('G' String) " "

बेला मिलाना

३ 'D' String मध्य सप्तक के 'स' से मिलाया जाता है।
२ 'A' String " " के 'प' से " " "
१ 'E' String तार सप्तक के 'रें' से " " "
४ 'G' String मन्द्र " के 'म़' से " " "

नोट—गतकारी के शौकीन गतकारी में झाला बजाते समय चिकारी का काम लेने के लिये 'E' String को तार सप्तक के 'रें' पर न मिला कर तार सप्तक के 'सां' से मिलाते हैं।

बेला मिलाते समय तार को बार-बार चढ़ाना उतारना न चाहिये, मिलाने में देर लगाने से कान थक जाता है, और स्वरों का बारीक फर्क फिर मालूम करना मुश्किल हो हो जाता है। टेल पीस (Tail Piece) में ऐडजस्टर (Adjuster on Bell Crank Nut) लगा लेने से तारों को बहुत थोड़ा सा चढ़ाने उतारने में बहुत आसानी पड़ती है। यही सुविधा मामूली खूंटियों के बजाय मशीन हेड (Machine Head) लगाने से होती है।

खूंटियों पर तार चढ़ाना

यह बहुत ज़रूरी है कि खूँटियों पर तार चढ़ाते समय तार का सिरा खूंटी के छेद से निकाल कर उसे मोड़ कर स्क्रौल (Scroll) की दीवार की ओर कर दिया जाय। तार को टेलपीस में लगाने के बाद उसका दूसरा सिरा खूंटी के छेद में डाल कर करीब $\frac{1}{8}$ इन्च बाहर निकाल देना चाहिये, तब खूंटी घुमा कर इस सिरे को तार के पहले लपेट में दाब कर सिरे का रुख स्क्रौल की दीवार की ओर कर देना चाहिये। खूंटी पर तार के बाकी लपेट स्क्रौल की दीवार की ओर पड़ते चले जायें, इससे खूंटी जकड़ जायगी और फिसल कर धुलेगी नहीं। खूंटी में छेद स्क्रौल की दीवार से $\frac{1}{8}$ इन्च से ज्यादा फासले पर हर्गिज न होना चाहिए।

आवाज़ बनाना

गज को तार पर ज्यादा न दबाना चाहिये, वरना बेले की गूंज (Vibration) कम हो जाने से आवाज़ रुकी हुई निकलती है। मधुर आवाज एक बड़ी इमारत की तरह है, जो धीरे-धीरे बन पाती है, पहला नियम बालों के फीते के किनारे से बजाना है, अगर गज़ तार पर काफी करवट देकर चलाया जायगा तो स्वर साफ़ मुलायम और गूंजता हुआ पैदा होगा, अगर बालों के फ़ीते की पूरी चौड़ाई इस्तैमाल करनी हो तो गज पर पहली उङ्गली का हलका दबाव दे देने से ऐसा हो जायगा। दूसरा नियम यह है कि तेज़ बजाने में जैसे तान या तोड़ा लेने में गज का ऊपरी आधा

हिस्सा (बीच से नोंक तक) इस्तैमाल किया जाय। जब कोई स्वर देर तक बजाना हो तो गज को ब्रिज (Bridge) के नज़दीक चलाया जाय।

कम्पन

तार पर उङ्गलियां जितनी हलकी रक्खी जायेंगी, उतना ही सुन्दर कम्पन पैदा होगा, क्योंकि कम्पन करने में उङ्गली को तार पर से बार-बार ज़रा सा उठाकर फिर दबाया जाता है। उङ्गली का दबाव हलका रक्खे बगैर ऐसा करना सम्भव नहीं है। कम्पन करने में उङ्गली तार को छोड़ नहीं देती। उङ्गली का वजन, या दबाव बार-बार कम करके ज्यादा किया जाता है।

तार मज़बूती से दबाना

चाहे कितना ही तेज़ क्यों न बजाना हो, तार को उङ्गली की नोंक द्वारा मज़बूती से दाबें। उङ्गलियों के नाखून ज़रा भी बढ़े हुए न होने चाहिये, वह गोश्त से काफी पीछे तक कटे हों, उङ्गली तार पर से केवल इतनी ऊंची उठाई जाय कि तार से अलग होजाय।

लचीली उंगलियां

बायें हाथ की उगलियां अगर सख्त हैं, तो बेला बजाने में मुश्किल पड़ती है उङ्गलियां नर्म और लचीली करने के लिये सबसे आसान तरीका यह है कि बोतल के पूरो साइज वाले तीन कार्क (काग) बांये हाथ की चारों उङ्गलियों के बीच की तीन गाइयों में खूब गहरे ठूंस दीजिये, बीच की गाई में कार्क सबसे पीछे डाला जाय, पहले तो कार्कों को गाइयों में वैसे ही रक्खा जाय, मगर कुछ समय बाद मुट्ठी खोली व बन्द की जाय, (पहले सब उङ्गलियां एक साथ खोली व बन्द की जांय) ऐसा करने से वह पुट्ठे जिनसे उंगलियां चलाई जाती हैं, नर्म पड़ जाते हैं और आसानी से उंगलियां अलग-अलग चलने लगती हैं।

गज के बाल साफ करना

गज को कस कर बालों को पानी से तर करके उन पर साबुन लगाकर अँगूठे के नाखून से बालों के ऊपर का मैल खुरच डालिये, तब पानी की हलकी धार से बाल धो डालिये (छड़ी से पानी न छूने पावे) बाल धोकर गज को तुरन्त ही ढीला कर देना चाहिये, वर्ना बल सूख कर सिकुड़ेंगे और निकल पड़ेंगे। जब बाल सूख जावें तो उन पर बारीक पिसा हुआ बिरोजा (Rosin) मल दिया जाय, और गज को बिरोजे के गट्टे पर १५—२० बार चलाया जाय। गज के बाल इस्तैमाल होते होते घिस जाते हैं और तब वह तार को नहीं पकड़ते, इस दशा में उन्हें बदल देना चाहिये, चाहे गज में सब बाल मौजूद हों और एक भी न टूटा हो।

गज पर नये बाल पहनाना

बाल घोड़े के होने चाहिये। घोड़े के बाल घोड़ी के बाल की बनिस्बत ज्यादा सफेद, कम चिकने व ज्यादा मजबूत होते हैं।

नये बालों को साफ पानी में भिगो दीजिये, तब गज के नट बक्स (Nut Box) पर के छल्ले को चाकू की नोक से खिसका कर आहिस्ता से उतार दीजिये, अब लकड़ी की उस पच्चड़ को जो छल्ले के नीचे बालों को कसे रहती है, निकाल लीजिये उसके बाद नट (Nut) बक्स पर का ढक्कन खिसका कर निकाल लीजिये और तब बालों को खींच कर नट बक्स में से निकाल लीजिये। बालों का सिरा नट बक्स के अन्दर के गड्ढे में एक और पच्चड़ से दबा रहता है, इस पच्चड़ को भी होशियारी से रख लीजिये।

अब, गज की नोंक में एक पच्चड़ होती है, उसे होशियारी से निकाल कर बालों को खींच कर निकाल लीजिये, इस पच्चड़ को भी रख लीजिये।

नये बालों का बँधा हुआ सिरा नोंक के गढ़े में रखकर बाल फैलाकर पच्चड़ कस के लगा दीजिये, गज की नोंक को एक खूंटी से बांध कर लटका दीजिये।

बालों को एक बारीक कंघी से काढ़ लीजिये, जिसमें कि बाल एक के ऊपर दूसरा न चढ़ा रहे, या बाल छोटी बड़ी लम्बाई के न रह जांय, बालों की नट (Nut) तक लम्बाई नापकर उस जगह बालों को एक क्लिप (Clip) से दबा लीजिये, एक मजबूत धागे से इस क्लिप के बाहर बालों को कसकर बांधकर बाकी बालों को काट दीजिये, बालों के सिरे को हलके गर्म लोहे पर छुआ दीजिये, इससे सिरे फूल जाते हैं। अब छल्ले को बालों में पहनाकर सिरा पीछे मोड़कर नट के गढ़े में रखकर पच्चड़ कस दीजिये। बालों को अब उलट कर नट का खिसकने वाला ढक्कन लगा कर छल्ला चढ़ा दीजिये, और बालों को फैलाकर छल्ले के अन्दर पच्चड़ लगा दीजिये, फिर नट को गज में लगा दीजिये, अब गज को हलका सा कसकर रात भर छोड़ दीजिये, सुबह बाल कसे हुये और बराबर मिलेंगे।

गज पर बाल कभी भी बगैर गीले किये न चढ़ाने चाहिये, वरना छड़ी टेढ़ी पड़ जायगी।

गज को परखना

गज के पेच (Nut) के पास आँख लगाकर देखना चाहिये कि गज बिल्कुल सीधा है, फिर पेच (नं० ३) को इतना कसो कि छड़ी बिलकुल सीधी हो जाय। नं० ३ के पेच को कसते समय नं० २ का स्थान सरकने लगेगा। अब देखना चाहिये कि छड़ी दाहिने या बायें झुक तो नहीं जाती, खास तौर से उस जगह पर जहां वह सबसे ज्यादा पतली होती है, (देखिये नं० १) अगर वह सीधी रहती है तो उसका पेच नं० ३ इतना ढीला करके कि छड़ी बालों को (नं० ४) छूने लगे, यह देखना चाहिये कि छड़ी का सबसे ज्यादा घुमाव (खमदार भाग नं० ५) बालों के बीचों बीच गिरता है। अगर गज में यह सब बातें मौजूद हों तो वह खरीदने योग्य है।

गज पर बिरोज़ा लगाना

बिरोजे पर गज तीन या चार बार आगे पीछे मामूली दबाव के साथ आहिस्ता आहिस्ता चलना चाहिये। तेजी से चलाने से बिरोजा गर्म होकर जलने लगता है। आहिस्ता-आहिस्ता चलाने से बिरोजा मैदा की तरह बारीक घिस कर बालों पर लग जाता है, बालों को उंगली से कभी न छूना चाहिये।

ब्रिज लगाना

ब्रिज जितना आगे को लगाया जायगा उतनी ही मुलायम व कमज़ोर आवाज निकलेगी, अगर उसे *साउन्ड पोस्ट (Sound Post) के ऊपर लगाया जायगा तो सख्त व तेज आवाज़ पैदा होगी। बेले के सीने पर अँग्रेजी के "S" की तरह जो दो जगह कटी हुई रहती हैं, उसे हम चित्र में दिखा रहे हैं। उनमें दो खांचे कटे रहते हैं, ऊपर वाले खांचे के मुकाबले में साउन्ड पोस्ट लगाना चाहिये, और नीचे वाले के मुकाबले में ब्रिज रखना चाहिये, साउन्ड पोस्ट ब्रिज के दाहिने पाये (Leg) के नीचे रहे। ब्रिज ऊपर से इस तरह घुमाव देकर कटा हो कि पहला (या "रें" वाला) तार बनिस्बत बाकी तीन तारों के फिंगर बोर्ड के ज्यादा करीब हो।

* साउन्ड पोस्ट (Sound Post)—यह लकड़ी का लगभग २ इन्च का एक टुकड़ा होता है जो कि ब्रिज के नीचे, बेला के अन्दर खड़ा हुआ लगा रहता है, इससे आवाज सुरीली होती है।

अभ्यास का समय

सुबह हाथ मुलायम रहता है अतएव यही समय अभ्यास के लिये सबसे अच्छा है। लगातार डेढ़ घंटा अभ्यास करने के बजाय आध-आध घंटे तीन दफा में अभ्यास करना ज्यादा अच्छा है।

बेले की वार्निश

बेले की वार्निश को साफ और चमकीला रखना बहुत जरूरी है। ब्रिज के पास बिरोजे के पाउडर को हर्गिज न जमा होने देना चाहिये, इससे बेले की गूंज कम हो जाती है।

बेले को साफ करने का मिश्रण

अलसी का तेल	$3\frac{1}{2}$	भाग
तारपीन का तेल	$\frac{1}{2}$	भाग
पानी	२	भाग

एक शीशी में इन तीनों वस्तुओं को खूब हिलाकर कपड़े पर जरा सा लेकर बेले पर फुर्ती से रगड़ देना चाहिये, तब एक साफ कपड़े से पोंछकर, दूसरे साफ कपड़े से हलके हाथ से थोड़ी देर तक बेले को रगड़ते रहना चाहिये।

भूल कर भी बेले पर फिर से रंग या वार्निश न करानी चाहिये, वर्ना आवाज दब जायगी। विलायत में बेले पर बिरोजे की वार्निश की जाती है, जो यहां नहीं होती।

उम्दा बिरोजा बनाना

आधी छटांक साफ शर्बती रंग के बिरोजे (Rosin) को पीस कर एक कटोरी में हलकी आग पर गर्म करना चाहिये, यहां तक कि वह पिघल कर तेल सा हो जाय, तब उसमें ६ बूंद मोमबत्ती वाला मोम डालना चाहिये, डालते समय मोम पिघला हुआ होना चाहिये। इनको एक लकड़ी से खूब चलाकर मिलालें, मिल जाने पर एक कागज की डिबिया में ढाल लेना चाहिये, तब उसे ठंडा होने दें।

१ छटांक बिरोजे में करीब $1'' \times 1'' \times \frac{1}{2}''$ बड़ी टिकिया बनती है। बिरोजे की कई टिकियां बना लेनी चाहिये, क्योंकि पुराना पड़ने से बिरोजा और अच्छा हो जाता है।

गज में दुबारा स्प्रिङ्ग (लचक) लाना

